प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

18.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / रितेश कपूर / 09.20 बजे

प्रधानमंत्री–एनडीए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एन डी ए देश की प्रगति और गरीबों व वंचितों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने कल चंडीगढ़ में एन डी ए के मुख्यमंत्रियों और उप–मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि बैठक में सुशासन और लोगों के जीवन–स्तर को बेहतर बनाने पर व्यापक चर्चा हुई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह भी उपस्थित थे। बैठक में संविधान का अमृत महोत्सव मनाने पर भी चर्चा हुई। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि यह किसी गैर–कांग्रेसी सरकार की पहली बैठक थी और इसमें सभी दलों ने भागीदारी की। उन्होंने कहा कि बैठक में छह संकल्प पारित किये गये।

मुख्यमंत्री दौरा

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज कुल्लू के दो दिवसीय दौरे के पहले दिन भुंतर में विभिन्न देशों से आए राजदूतों के साथ बैठक करेंगे। शाम के समय मुख्यमंत्री दशहरा मैदान में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शिनियों का दौरा करेंगे। इसके अलावा उनका भगवान रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर में पहुंचने का भी कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री लाल चंद प्रार्थी केंद्र में सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। वे रथ मैदान में आयोजित होने वाले लालड़ी नृत्य में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री कल 19 अक्तूबर को कुल्लू दशहरा के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इस बीच कुल्लू में चल रहे अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में प्रदेश के अलावा देश–विदेश से लोग यहां की देव संस्कृति व हस्तकला को देखने के लिए पहुंच रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के दौरान आयोजित हो रही सांस्कृतिक संध्याओं में स्थानीय व लोक कलाकारों के अलावा बाहरी राज्यों के कलाकार भी लोगों का भरपूर मनोरंजन कर रहे हैं।

सरकार ऑनलाइन घोटाला

ऑनलाइन घोटालों के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए सरकार और मेटा ने संयुक्त रूप से **धोखाधड़ी से बचो अभियान** शुरु किया है। सूचना व और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने नई दिल्ली में इस अभियान के उद्घाटन अवसर पर कहा कि यह पहल ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के लिए एक जरूरी कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार डिजिटल सुरक्षा और सतर्कता को बढ़ावा देना चाहती है। जाजू ने कहा कि भारत में इंटरनेट के उपयोग के साथ ही साइबर धोखाधड़ी में भी वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष

धोखाधड़ी के 11 लाख मामले दर्ज किए गए थे। मेटा की यह पहल इलेक्ट्रॉनिकी व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, गृह मंत्रालय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय व भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के सहयोग से शुरू की गई है।

लिट फेस्ट

सोलन जिला के कसौली में आज से तीन दिवसीय खुशवंत सिंह लिट फेस्ट शुरू हो रहा है। 13वें खुशवंत सिंह लिट फेस्ट में पत्रकार, साहित्यकार, लेखक, राजनेता व फिल्म जगत की करीब 45 हस्तियां शिरकत कर रही हैं। लिट फेस्ट में इस वर्ष का विषय है **लचीलापन व नवीनीकरण।** इस दौरान 25 सत्र आयोजित होंगे। गौरतलब है कि लिट फेस्ट की शुरूआत 12 साल पहले कसौली में हुई थी। इस उत्सव से होने वाली आय को कसौली व आसपास के क्षेत्रों के संरक्षण व बालिकाओं की शिक्षा में लगाया जाता है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। साफ मौसम दिन के समय गर्मी का अहसास दिला रहा है। हालांकि जनजातीय इलाकों में सुबह–शाम तापमान में गिरावट के चलते ठंड में बढ़ोत्तरी होनी शुरू हो गई है। मौसम विभाग ने 23 अक्तूबर से मौसम के खराब होने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार इस दौरान मध्य व उच्च पर्वतीय क्षेत्रों के कुछ स्थानों पर बारिश होने की संभावना है।

<u>और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर</u>

आज समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बयान को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **जयराम न रूकवाएं तो भूभू जोत टनल मिलना तय। दैनिक जागरण** ने शीर्षक दिया है **जल्द आएगा कड़वे निर्णयों का मीठा स्वाद। दैनिक सवेरा टाइम्स** व **हिमाचल दस्तक** के एक जैसे शब्द हैं **शानन परियोजना पाने को मजबूती के साथ कानूनी लड़ाई लड़ रही सरकार। आपका फैसला** ने लिखा है **पिछली सरकार ने संपदा को दोनों हाथों से लुटाया।**

**पर्यटन निगम में नई भर्तियों पर रोक** शीर्षक से **दिव्य हिमाचल** ने लिखा है सेवानिवृत कर्मचारी को रिटायरमेंट के बाद पूरे लाभ देने में देरी पर हिमाचल हाई कोर्ट के आदेश। **पंजाब केसरी और दैनिक भास्कर** का एक जैसा शीर्षक है **हाईकोर्ट ने पर्यटन विकास निगम में किसी भी तरह की नई भर्तियों पर रोक लगाई।**

**अमर उजाला** ने **खाने लायक नहीं सरसों का तेल, बाजार से वापस मंगवाया स्टॉक शीर्षक** से लिखा है – 15 दिन पहले लिए सैंपल की आई रिपोर्ट, असुरक्षित बताया।

मौसम की खबर को **दैनिक भास्कर** ने शीर्षक दिया है **दिन में खूब तप रहे पहाड़ तो सुबह–शाम गिर रहा है तापमान, 23 अक्तूबर से बिगड़ सकता है मौसम।**